Daily Current Affairs 14 March 2022

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है अभ्यर्थियों के लिए सहायक सिद्ध हुआ है daily current affairs in Hindi डेली करंट अफेयर्स एक ऐसा विषय है जो हर पल चेंज होता रहता है चाहे आप किसी भी परीक्षा की तैयारी कर लो जैसे RSA,IPS,UPSC,railway,police,army आदि इन परीक्षाओं में दैनिक करंट अफेयर्स हमेशा पूछा जाता है। लेकिन कोचिंग में करंट अफेयर पर कम ध्यान दिया जाता है इस को मध्य नजर रखते हुए हम आपके लिए daily current affair उपलब्ध करवाएंगे जो आपको हर परीक्षा में सहायता प्रदान करेगा।

1. देबाशीष पांडा बनें भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष।
मार्च 2022 में केंद्रीय सरकार ने वित्तीय सेवा विभाग के पूर्व सचिव देबाशीष पांडे को भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
प्रारंभिक तौर पर देबाशीष पांडा की नियुक्ति 3 वर्ष की अवधि के लिए की गई है। ज्ञात हो कि मेरे 2021 में सुभाष सिंह खुटिया के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद खाली था।

2. नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है साहित्योत्सव 2022
10 से 15 मार्च 2022 तक नई दिल्ली में साहित्य अकादमी का साहित्य उत्सव जैसे साहित्योत्सव के नाम से जाना जाता है आयोजित किया जा रहा है यह त्योहार भारत की आजादी की क्षेत्र की 75 वर्षगांठ के उपलक्ष में मनाया जा रहा है।

3. विडेम की डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2022 में भारत रहा 93 स्थान पर।
मार्च 2022 में स्वीडन के गौथेनबर्ग विश्वविद्यालय में विडेम संस्थान द्वारा लोकतंत्र रिपोर्ट 2022 जारी की गई है इस रिपोर्ट का शीर्षक लोकतंत्र रिपोर्ट 2022 नीर कुशलता की बदलती प्रकृति है।
इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में विश्व स्तर पर एक औसत नागरिक के पास मौजूद लोकतंत्र का स्तर वर्ष 1989 के स्तर से नीचे चला गया है और साथ ही शीत युद्ध के बाद भी अवधि के दौरान प्राप्त लोकतांत्रिक लाभ घट रही है।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय राष्ट्र को किया समर्पित
12 मार्च 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय राष्ट्र को समर्पित किया और उसके प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित किया इस यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में एक अहम कदम माना जा रहा है।

5. जस्टिस ए के सीकरी होंगे चार धाम परियोजना समिति के नए अध्यक्ष।

Daily Current Affairs 14 March 2022

11 मार्च 2022 को सुप्रीम कोर्ट में चार धाम परियोजना की उच्च अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति ए के सीकरी को नियुक्त किया है।

6. क्रिस्टीयानो रोनाल्डो बने सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर
12 मार्च 2022 को मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टीयानो रोनाल्डो ने 807 गोल के साथ प्रोफेशनल फुटबॉलर के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए हैं।
12 मार्च को प्रीमीयर लीग में टोटल के खिलाफ मुकाबले में रोलैंडो ने 12 मिनट में अपने करियर का 800 पांचवां गोल दर्ज किया फिर 38 वें मिनट में रोनाल्डो ने जादौन सांचौ के शानदार क्रास को गोल में तब्दील कर करियर का 806 वा गोल किया।

7. उपभोक्ता मामले विभाग 14 से 20 मार्च तक ऊपभोक्ता अधिकारिता सप्ताह का आयोजन करेगा।
उपभोक्ता मामले विभाग आजादी का अमृत महाउत्सव के हिस्से के रूप में प्रगतिशील भारत के 75 साल और इसके लोगों संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने और सरकार और समारोह मारने के लिए 14 से 20 मार्च 2022 तक उपभोक्ता अधिकारिता सप्ताह का आयोजन कर रहा है।

8. आसनसोल मंडल में भारतीय रेलवे के पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का किया गया उद्घाटन।
पूरी रेलवे के आसनसोल मंडल मैं भारतीय रेलवे के पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन 10 मार्च 2022 को किया गया इस कार्य को सुविधा में रेलवे की आय में प्रतिमा लगभग ₹110000000 की वृद्धि होने की उम्मीद है।
भारतीय रेल के आसनसोल डिवीजन ने गति सकती मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल पर प्रधानमंत्री के गति शक्ति विजन और रेलवे मंत्रालय की नीति के अनुसार थापर नगर झारखंड में मैथान पावर की एक निजी साइडिंग को सफलतापूर्वक चालू किया गया।

9. पश्चिम देशों के प्रतिबंधों के बाद रूस बंद कर सकता है नॉर्ड स्ट्रीम वन गैस पावर लाइन।
यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद पश्चिम देश लगातार मॉस्को पर प्रतिबंध लगा रहे हैं रुस प्रतिरोधों से भड़क गया है। और नोड स्ट्रीम वन गैस पाइपलाइन के जरिए यूरोप को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती करने की धमकी दी है।
अगर उसे ऐसा करता है तो पहले से ही डगमगाए हुए उर्जा बाजार में और उथल-पुथल मच सकती है रूस के ऐसा करने से कीमतों में बढ़ोतरी संभव है।

10. त्रिपुरा सरकार शुरू करेगी मुख्यमंत्री चा क्षर्मि कल्याण प्रकलप योजना।

Daily Current Affairs 14 March 2022

हाल ही में त्रिपुरा सरकार ने 4 श्रमिकों के लिए एक विशेष योजना मुख्यमंत्री या श्रमिक कल्याण प्रकल्प घोषणा की है इस विशेष योजना के कार्यान्वयन के लिए 85 करोड रुपए त्रिपुरा के साथ चाय बागान श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा जाल के तहत लाने की दिशा में एक कदम के रूप में आवंटित किए गए हैं।
यह विशेष योजना राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चाय बागान श्रमिकों को उनके लिए हकदार सुविधाओं को एकत्रित करके आवाज़ राशन और वित्तीय सहायता सुनिश्चित करेगी।

उम्मीद है दोस्तों आज का करंट अफेयर आपको पसंद आया होगा इसकी आप पीडीएफ फ्री डाउनलोड कर सकते हो आपको हर रोज ऐसे ही करंट अफेयर आप तक पहुंचाते रहेंगे तो हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे आप आपका धन्यवाद।